मध्यप्रदेश विधान सभा

संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

सोमवार, दिनांक 27 नवम्बर, 2017 (अग्रहायण 6, शक सम्वत् 1939)

विधान सभा पूर्वाह्न 11:01 बजे समवेत हुई.

अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.

1. राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' का समूहगान

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के समूहगान से प्रारम्भ हुई.

2. शपथ

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-61 चित्रकूट से, उप चुनाव में निर्वाचित सदस्य श्री नीलांशु चतुर्वेदी ने शपथ ली, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर किए और सभा भवन में अपना स्थान ग्रहण किया.

3. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा निम्नलिखित के निधन पर सदन की ओर से शोकोदगार व्यक्त किये गये : -

(1) श्री महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा, सदस्य विधान सभा,
(2) श्री राम सिंह यादव, सदस्य विधान सभा,
(3) श्री प्रभुदयाल गेहलोत, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(4) श्री शालिगराम श्रीवास्तव, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(5) श्री राम रतन चतुर्वेदी, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(6) श्री रामखेलावन, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(7) श्री धनसुखलाल भाचावत, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(8) श्री विजय नारायण राय, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(9) श्री रतनसिंह भाबर, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(10) श्री पुरूषोत्तम लाल कौशिक, पूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(11) श्री संतोष मोहन देव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(12) श्री प्रियरंजन दासमुंशी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(13) श्री माखनलाल फोतेदार, पूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(14) श्री सुल्तान अहमद, पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री,
(15) प्रो. सांवर लाल जाट, पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री,
(16) श्री तसलीम उद्दीन, पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री, तथा
(17) श्री अर्जन सिंह, भारतीय वायु सेना के पूर्व एयर चीफ मार्शल.

श्री जयंत मलैया, वित्त मंत्री, श्री अजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष, एडवोकेट सत्यप्रकाश सखवार, डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष महोदय, सर्वश्री कैलाश चावला, के.पी. सिंह सदस्यगण द्वारा शोकोदगार व्यक्त किये गये. अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की ओर से शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की गई तथा सदन द्वारा 2 मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

तत्पश्चात् दिवंगतों के सम्मान में अपराह्न 12.02 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 28 नवम्बर, 2017 (अग्रहायण 7, शक सम्वत् 1939) को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

अवधेश प्रताप सिंह,
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल:
दिनांक: 27 नवम्बर, 2017